आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 31.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर पर्यटन स्थलों पर उत्साह, प्रशासन सतर्क, स्थानीय व्यापारियों में खुशी का माहौल।
- चमोली जिले के पीपलकोटी में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना की टनल में हादसा, कई मजदूर घायल।
- अल्मोड़ा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 14 लाख रुपये की राहत स्वीकृत।
- महिला टी–20 क्रिकेट में भारत ने श्रीलंका को हराकर सीरीज 5–0 से अपने नाम की।

नव वर्ष की तैयारी

उत्तराखंड में वर्ष 2025 की विदाई और नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल है। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल नैनीताल, मसूरी, औली, चोपता, मुनस्यारी और कौसानी में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। नववर्ष को देखते हुए होटलों, रिसॉर्ट्स और होम–स्टे में अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है।

नववर्ष पर पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। पर्यटन स्थलों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, जबकि ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे नए साल का जश्न जिम्मेदारी और सुरक्षित तरीके से मनाएं।

इस बीच, मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड और ऊंचाई वाले इलाकों में संभावित बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से मौसम की ताजा जानकारी लेकर ही यात्रा करने और सुरक्षित रूप से नववर्ष का स्वागत करने की अपील की है।

उधर, मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में आज सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

टीएचडीसी जल विद्युत परियोजना

चमोली जिले के पीपलकोटी में निर्माणाधीन टीएचडीसी जल विद्युत परियोजना की टीवीएम साइट पर कल रात शिफ्ट बदलने के दौरान एक हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, टनल के भीतर श्रमिकों को ले जाने वाली दो लोको ट्रेनों की आपस में टक्कर हो गई, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक घायल हो गए। घायलों का गोपेश्वर स्थित जिला अस्पताल और पीपलकोटी स्थित विवेकानंद चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

इस बीच, कल देर रात जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने घायलों से मुलाकात कर उन्हें बेहतर उपचार देने के स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि घटना के समय मौके पर मौजूद लगभग 100 मजदूरों में से करीब 60 घायल हुए हैं। सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है।

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से बातचीत की। इसमें मुख्य रूप से आत्मनिर्भरता और संरचनात्मक बदलावः विकसित भारत का एजेंडा विषय पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने 2047 की ओर भारत की विकास यात्रा के मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया। विकसित भारत को समग्र राष्ट्र की आकांक्षा बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य सरकार की नीतियों में परिलक्षित होता है। उन्होंने वैश्विक क्षमता निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में सुधारों पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने दीर्घावधि विकास के लिए विभिन्न सेक्टर में मिशन मोड में सुधारों का आह्वान किया।

सहायता राशि

अल्मोड़ा जिले में विनायक–भिकियासैंण मोटर मार्ग पर कल सुबह हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के लिए 14 लाख रुपये की राहत धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह धनराशि उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि, अल्मोड़ा से आरटीजीएस के माध्यम से तहसीलदार को उपलब्ध करा दी गई है, ताकि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार जल्द सहायता राशि वितरित की जा सके।

जिलाधिकारी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, उन्होंने भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया है।

माघ मेला

उत्तरकाशी जिले में ऐतिहासिक और धार्मिक माघ मेला– 'बड़ाहाट कु थौलू' की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

श्री चौहान ने बताया कि माघ मेले के सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है।

माल्टा महोत्सव

बागेश्वर जिले में पहाड़ी कृषि और बागवानी को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से विकास भवन में माल्टा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में रामाड़ी, दसोली, कौसानी, शामा, गरुड़, कपकोट और बागेश्वर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। माल्टा महोत्सव का शुभारंभ विधायक पार्वती दास ने किया।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि जिले में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं और प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारतीय महिला क्रिकेट

तिरुवनंतपुरम में खेले गए महिला क्रिकेट के पांचवें और अंतिम टी–20 मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 15 रन से हराकर सीरीज 5–0 से अपने नाम कर ली। इसके साथ ही भारत ने तीसरी बार किसी टीम को टी–20 सीरीज में 5–0 के अंतर से हराने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले टीम इंडिया वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को भी इसी अंतर से पराजित कर चुकी है।

ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 7 विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना सकी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

चमोली जिले में जल विद्युत परियोजना में हुए हादसे और अल्मोड़ा में बस दुर्घटना की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण का शीर्षक हैकृ "निर्माणाधीन सुरंग में ट्रॉलियों की भिड़ंत, 100 घायल।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी, सात मरे।

उत्तर भारत में घने कोहरे पर अमर उजाला लिखता है– कोहरे से 264 उड़ानें प्रभावित, लोग परेशान। नव वर्ष को लेकर एक अन्य खबर पर समाचार पत्र की सुर्खी है– कानून व्यवस्था बिगाड़ी तो होगी सख्त कार्रवाई।